श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन को देखने के लिए इस साल रेकॉर्ड टूरिस्ट पहुंचे। अब तक 3.7 लाख से ज्यादा टूरिस्ट पहुंचे हैं। पिछले साल 3.6 लाख टूरिस्ट आए थे।

NBT

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। Front Page-2 शनिवार, 22 अप्रैल 2023

खबरों का खेल

रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं

Q1 ब्रिटेन के जिन उप-प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया, उनका नाम क्या है?
A) डेनियल राब B) डोमिनिक राब C) एथन राब

Q2 किस यूट्यूबर पर तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमले के फर्जी विडियो डालने का आरोप है?
A) चेतन कश्यप B) आदित्य कश्यप C) मनीष कश्यप

Q3 दिल्ली के किस कोर्ट में महिला को गोली मारी गई?
A) साकेत कोर्ट B) तीस हजारी कोर्ट C) पटियाला कोर्ट

Q4 उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कब से शुरू हो रही है?
A) 22 अप्रैल B) 23 अप्रैल C) 24 अप्रैल

Q5 गोधराकांड के कितने आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने बेल दे दी है?
A) 8 B) 7 C) 6

जीतें इनाम

इनाम वाला सवाल

अब वह सवाल जिसका सही जवाब आपको दिला सकता है इनाम। जवाब देने के लिए **क्यूआर कोड** को स्कैन करें। वह आपको नवभारत गोल्ड पर ले जाएगा, जहां लॉगइन कर सही जवाब पर क्लिक कर सकते हैं

Q ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता का क्या नाम था?

जवाब के ऑप्शन

A. जीवाजीराव सिंधिया B. माधवराव सिंधिया C. सदाशिवराव सिंधिया

जवाब यहां देखें A1 B डोमिनिक राब A2 C मनीष कश्यप A3 A साकेत कोर्ट A4 A 22 अप्रैल A5 A 8

हिस्सा लेने वाले हर प्रतियोगी को मिलेंगे शॉपिंग वाउचर्स और चुनिंदा विजेताओं को मिलेगा कैश वाउचर

ड्रोन, चॉपर, खोजी कुत्ते, स्पेशल फोर्स...

पुंछ के हमलावरों को तलाश रही है सेना

■ **पीटीआई/आईएएनएस, पुंछ**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना के काफिले पर हमले में शामिल आतंकियों की तलाश में शुक्रवार को बड़ा अभियान छेड़ा गया। सेना के सूत्रों ने बताया कि इस हमले में 3 से 4 आतंकी शामिल हो सकते हैं, जो राजौरी और पुंछ के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। इनमें से कुछ विदेशी बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश में सेना ने ड्रोन, स्निफर डॉग्स और हेलिकॉप्टरों के साथ स्पेशल फोर्सेज उतारी हैं, जो पुंछ के भाटादूड़ियां इलाके के घने जंगलों और खाई का चप्पा-चप्पा तलाश रहे हैं। सेना के जिस ट्रक को निशाना बनाया गया, उसमें चारों ओर गोलियों के निशान को देखते हुए लगता है कि आतंकी हाइवे के जंगल और खाई- दोनों ओर जमे हुए थे।

यह हमला गुरुवार दोपहर बाद 3 बजे राजौरी सेक्टर में हुआ था। उस समय सेना के तीन वाहन राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को लेकर राजौरी-पुंछ नैशनल हाइवे में भीमबेर गली से पुंछ की ओर जा रहे थे। इस हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। एक जवान घायल भी हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। राजोरी और पुंछ सीमा से सटे भाटादूड़ियां में आतंकियों के होने का पता चला है। माना जा रहा है कि ये आतंकी सालभर से इस इलाके में थे और यहां के दुर्गम इलाकों से वाकिफ हैं। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह, NIA की दो टीमों, फरेंसिक एक्सपर्ट और बम स्क्वॉड की टीमों ने हमले की जगह का दौरा किया। जांच से पता चला है कि तीन से चार आतंकियों ने चीन की बनी 7.62 MM की गोलियां बरसाई थीं। घटनास्थल से मिले खाली खोखों में '71-China' लिखा मिला। जम्मू कश्मीर में सक्रिय कई आतंकी संगठनों के पास पहले भी चीनी हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं।

सेना के जले ट्रक की जांच से संकेत मिला है कि आतंकियों ने इसे ग्रेनेड या स्टिकी बम से निशाना बनाया होगा, जिसके कारण ट्रक ने आग पकड़ी।

शहीद 5 जवानों में से 4 पंजाब से

हवलदार मनदीप सिंह, (लुधियाना, पंजाब): 39 साल के शहीद मनदीप सिंह लुधियाना में कलां गाव के रहने वाले थे। पत्नी जगदीप ने कहा कि पति के बलिदान पर गर्व है, लेकिन सरकार से पूछना चाहती हूं कि और कितने शहीद होंगे?

लांस नायक देबाशीष बिस्वाल, (पुरी, ओडिशा): शहीद देबाशीष पुरी जिले के गांव खंडयात साही के रहने वाले थे। साल 2021 में शादी हुई थी। परिवार में पत्नी संगीता और सात माह की बेटी है। रिश्तेदार ने कहा, वह महान सपूत थे।

लांस नायक कुलवंत सिंह, (मोगा, पंजाब): शहीद कुलवंत के परिवार में पत्नी संदीप कौर, डेढ़ साल की बेटी और तीन महीने का बेटा है। शहीद के पिता करगिल में शहीद हुए थे। भाई ने कहा, सरकार और सेना मुंहतोड़ जवाब दें।

सिपाही हरकिशन सिंह, (गुरदासपुर, पंजाब): 27 वर्षीय शहीद हरकिशन सिंह बटाला के तलवंडी भरथ गांव से थे। पिता सेना से रिटायर्ड हैं। परिवार में गर्भवती पत्नी कौर और दो साल की बेटी है। एक दिन पहले ही बेटी से बात हुई थी।

सिपाही सेवक सिंह, (बठिंडा, पंजाब): शहीद सेवक सिंह तलवंडी साबो के गांव बाघा निवासी के रहने वाले थे। वह 2018 में सेना में भर्ती हुए और मां-बाप की इकलौती संतान थे। पिता ने बताया कि 20 दिन पहले ही ड्यूटी पर लौटे थे।

फारूक ने कहा, कहीं तो चूक हुई: नैशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह क्षेत्र (जहां हमला हुआ) सीमा के करीब है। वहां सुरक्षा चूक हो सकती है, जिसकी जांच की जरूरत है। कहीं न कहीं तो चूक हुई।

दिग्विजय ने कहा, आतंकवाद बढ़ रहा: कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि आतंकवाद बढ़ रहा है। पहले ऐसी गतिविधियां काफी हद तक घाटी तक सीमित थीं, पर अब जम्मू के पुंछ जैसे क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं चिंता का विषय हैं।

बिलावल भुट्टो ने कहा, भारत आ रहा हूं, लेकिन...

■ **इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने साफ कहा है कि मैं भारत सिर्फ शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की बैठक में हिस्सा लेने आ रहा हूं। इस दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर कोई बात नहीं होगी। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, बिलावल ने एक पाकिस्तानी अखबार के सवालों के जवाब में कहा कि पाकिस्तान का SCO के प्रति कमिटमेंट है, इसलिए मैं गोवा में होने वाली बैठक में आ रहा हूं। इस यात्रा को द्विपक्षीय यात्रा के रूप में नहीं, बल्कि एससीओ के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

ब्रिटेन के डिप्टी पीएम का इस्तीफा, स्टाफ से बदसलूकी का आरोप था

■ **पीटीआई, लंदन:** ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री और न्याय मंत्री डोमिनिक राब ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। कर्मचारियों ने उन पर 'Bullying' यानी परेशान करने और धौंस दिखाने के आरोप लगाए थे। इस मामले की स्वतंत्र जांच हुई थी, जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को ही प्रधानमंत्री सुनक को सौंपी गई। राब इन आरोपों से इनकार करते रहे हैं और उनका यही कहना है कि कर्मचारियों के साथ उनका बर्ताव 'पेशेवराना' रहा है। इस्तीफे में राब ने कहा कि मैं जांच नतीजे स्वीकार करने के लिए मजबूर हूं। लेकिन इसमें मेरे खिलाफ दो दावों को छोड़कर बाकी को खारिज कर दिया गया है। मेरा यह भी मानना है कि दो दावे भी गलत हैं।

डोमिनिक राब